

## एक नजर में



### बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का किया स्वागत

**सारंगपुर 04 जुलाई, सं.** स्थानीय न्यायालय में संपन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष एड. पीएस मंडलोई एवं सचिव राकेश पच्चीसिया, उपाध्यक्ष एड. अमित सक्सेना निर्वाचित हुए है. नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का स्वागत समारोह प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल के सेवा सदन कार्यालय में आयोजित किया गया. जिसमें पदाधिकारियों का सेवा सदन कार्यालय पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल के नेतृत्व में पुष्पहारों से साफा पहनाकर स्वागत किया गया और बधाई दी गई. इस मौके पर पार्षद कुलदीप राठौर, राहुल पुष्पद, मितेश चोलीकर, प्रदीप टेटवाल सहित भाजपा नेता कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण मौजूद थे.

### सिंगल यूज प्लास्टिक नहीं करेंगे उपयोग

**सारंगपुर 04 जुलाई, सं.** सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत 01 जुलाई 2022 से चिन्हित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया है. जिसके निर्देश पालन में सीएमओ ज्योति सुनेरे ने पथ विक्रेताओं, स्थानीय दुकानों, बस स्टेण्ड मुख्य बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के संबंध में अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं जैसे प्लास्टिक की डंडियो, प्लास्टिक झंडे, केंडी स्टिक्स, आइसक्रीम की डंडियों, प्लास्टि प्लेटें, चम्मच, चाकु, पैकेजिंग सामग्री के पैकेट आदि पर 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर आदि का उपयोग करने पर प्रतिबंधित किया गया है. उल्लंघन करने वालों पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत कार्यवाही करने व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले व्यक्तियों का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिए. साथ ही प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले, जूट बैग, पत्तल, कुल्हड, कागज के पैकेट आदि का प्रयोग करने की समझाईश दी. नगर पालिका स्वच्छता निरीक्षक को आम नागरिकों दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रति के प्रतिबंध की जानकारी हेतु नगर में मुनादी कराये जाने व निगरानी के भी निर्देश दिये.

### 1962 पर पशु उपचार हेतु कर सकते हैं कॉल

**राजगढ़ 04 जुलाई, का.** म.प्र. शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा भारत सरकार की पशु चिकित्सालयों एवं औषधालयों की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण चलित पशु चिकित्सा इकाई योजना का संचालन वर्ष 2023 में प्रारंभ किया गया. जिसमें जिले को कुल 09 चलित पशु चिकित्सा इकाई वाहन प्राप्त हुए. इस योजना में विभाग द्वारा पूर्व से संचालित 1962 पशुधन संजीवनी योजना अंतर्गत कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है. जिसमें शहरी एवं ग्रामीण पशुपालन टोल फ्री नम्बर 1962 पर पशु उपचार हेतू कॉल कर सकते हैं.

# ब्यावरा, नरसिंहगढ़ में हेल्थ रिकॉर्ड गायब

## निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने मांगा योजनाओं के क्रियान्वयन का रिकॉर्ड, कहीं अधिकारी तो कहीं रिकॉर्ड नहीं मिला

- सीएमएचओ ने एक सप्ताह का समय दिया, इसके बाद होगी कार्यवाही
- स्वास्थ्य संस्थाओं का रिकार्ड सुधारने की आवश्यकता- सीएमएचओ
- एक सप्ताह का अल्टीमेटम, स्वास्थ्य संबंधी प्रत्येक कार्यक्रम का अभिलेख व्यवस्थित करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 जुलाई, का.** स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत आने वाले समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर कितना क्रियान्वयन हो रहा है, इसका पता लगाने के लिए संबंधित कार्यक्रम से संबंधी रिकार्ड का होना अति आवश्यक है. बिना रिकार्ड संधारित किए किसी भी प्रकार की समीक्षा करना संभव नहीं है. उक्त बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल ने शुक्रवार को खिलचीपुर ब्लाक के कुंडीबे सब हेल्थ सेंटर और ग्राम रूपरेल का टीकाकरण सत्र निरीक्षण के दौरान कही. वहीं गुरूवार को नरसिंहगढ़ और ब्यावरा ब्लाक की स्वास्थ्य संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान भी उन्हें कहीं भी रिकार्ड नहीं मिला. उन्होंने जिले के समस्त सीबीएमओ और उनके अधीनस्थ अमले को एक हफ्ते का समय दिया है जिसमें उन्हें अपना अपना रिकार्ड संधांरित करना है.



### बीपी, शुगर के मरीजों का फॉलोअप नहीं

बीपी और शुगर के मरीजों का कोई फॉलोअप रिकार्ड भी इनके पास नहीं पाया गया. इसके बाद सीएमएचओ सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंची और यहां उन्होंने सबसे पहले प्रसूती महिलाओं से चर्चा की. ब्यावरा अस्पताल में निरंतर साफ-सफाई के निर्देश दिए और सीबीएमओ सहित उनके अमले का मौके पर नहीं मिलने पर नाराजगी भी जाहिर की. इजेंक्शन कक्ष अव्यवस्थित पाए जाने और आयुष्मान कार्ड की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीबीएमओ को दिए. इस अवसर पर जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी आनंद भरद्वाज, डीसीएम सुनील वर्मा, जय सोनी आदि मौजूद थे.

### टीकाकरण सत्र में गायब सीएचओ



सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल को खिलचीपुर सब हेल्थ सेंटर कुंडीबे के सीएचओ के टीकाकरण सत्र पर अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त की. वहीं गुरूवार को नरसिंहगढ़ के सब हैल्थ सेंटर गनियारी और मंडावर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान इस संस्थाओं पर पदस्थ सीएचओ से स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों एवं अभियानों के संबंध में सवाल जवाब किए तो पता चला कि उनकी जानकारी का स्तर असंतोषप्रद था. सीएचओ के पास अपने कार्यों से संबंधित कोई रिकार्ड भी अपडेट नहीं था. मामले में सीएमएचओ ने नारागजी जाहिर की है. सप्ताह के भीतर सभी हेल्थ सेंटरों से स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित रिकॉर्ड मांगे गए है जिससे की इन कार्यक्रमों की जिले में प्रगति की समीक्षा की जा सके. इसके पूर्व भी अपनी ज्वाईनिंग के साथ ही सीएमएचओ ने ग्रामीण हैल्थ सेंटरों का निरीक्षण किया था. उस समय भी अमला दुरूस्त नहीं मिला था. ड्रेस कोड का पालन नहीं करने पर सीएमएचओ डॉ पटेल द्वारा नोटिस जारी किए गए थे. इतनी सख्ती और लगातार कार्यवाही के बाद भी मैदानी अमला अपने विभाग और दायित्वों की गंभीरता नहीं समझ रहा है.



# यात्रियों की हो रही फजीहत

## सबसे बड़े और जिले के केन्द्रीय बस स्टेण्ड पर कीचड़ और गंदगी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 जुलाई, का.** जिले के सबसे बड़े नगर ब्यावरा में स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड के बुरे हाल है. यहां के प्रतिक्षालय में कीचड़ मचा होकर गंदा पानी जमा है. दुर्गंध उठ रही है. इतनी अधिक दुर्दशा है कि यात्रियों का यहां कुछ पल बैठना तो दूर खड़े रहना भी मुश्किल हो रहा है. शासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु बस स्टेण्ड पर लाखों रुपये खर्च कर विकास निर्माण कराया गया किंतु देखरेख के अभाव में यह सब आज बदहाली में है, जिन यात्रियों की सुविधा के लिए लाखों रुपये खर्च किए आज उन्हें ही फजीहतों का सामना करना पड़ रहा है.

नगर का अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड लम्बे समय से अपनी दुर्दशा बयां करता रहा है. बारिश में परेशानी और बढ़ गई है. बारिश का पानी यात्री प्रतिक्षालय में भरा होकर कीचड़ मचा रहा है. गंदा पानी भरा रहने से दुर्गंध उठती है. जो प्रतिक्षालय यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया उसका उपयोग ही नहीं हो पा रहा है. प्रतिक्षालय के हालात ही इसकी दुर्दशा की भयावह को बताते है. बारिश में प्रतिक्षालय की छत से पानी टपकता है. यही नहीं छत का प्लास्टर तक गिरने लगा है. इससे हर समय दुर्घटना का भी डर बना रहता है.



### अतिक्रमण से घिरा बस स्टेण्ड

प्राय: बस स्टेण्ड सहित यात्री प्रतिक्षालय अतिक्रमण से घिरा हुआ है. उचित सफाई नहीं होने से गंदगी, कीचड़ मचा रहता है वहीं अस्थाई रुप से यहां अतिक्रमण होने से यात्रियों को यहां-वहां होटल की टेबल कुर्सियों पर बैठना पड़ता है. प्रतिक्षालय परिसर भी अतिक्रमण की चपेट में है. यहां मौजूद कुर्सियों पर बाहरी लोगों का जमावड़ा बना रहता है. यही नहीं नशेड़ियों का जमघट बस स्टेण्ड परिसर में लगा रहता है. किंतु विडंबना यह है कि सबकुछ सामने नजर आने के बाद भी बस स्टेण्ड की व्यवस्था को सुधारने प्रयास नहीं किए जा रहे है.



# प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल से मिले मंत्री टेटवाल

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 04 जुलाई, सं.** मप्र भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमेंत खंडेलवाल से राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने मुलाकात की और उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया. मुलाकात कर मंत्री टेटवाल ने कहा कि खंडेलवालजी का नेतृत्व, संगठन के प्रति समर्पण एवं कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की उनकी कार्यशैली हम सभी के लिए प्रेरणा है. उनकी सादगी, कुशल संगठन क्षमता और जनसेवा की भावना से पार्टी निश्चित रूप से और सशक्त होगी. मंत्री ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में विकास, संगठन और सेवा के नए अध्याय लिखे जाएंगे.



# ढोल ढमाकों से विधायक ने किया मां के नाम पर पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**कुरावर 04 जुलाई, सं.** नगर में शुक्रवार को दोपहर कृषि उपज मंडी प्रांगण से एक पेड़ मां के नाम के अभियान का प्रारंभ मंडी परिसर में विधायक मोहन शर्मा ने अपनी माताजी केशर बाई के नाम से पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की इस मौके पर मंडी की भारसाधक एवं नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी भी उपस्थित रही. अभियान की शुरुआत में ढोल धमाके व आतिशबाजी के साथ विधायक मंडी परिसर में पहुंचे थे कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम का अभियान ठीक उसी तरह है जिस तरह हमें हमारी मां पाल पोसकर बड़ा करती है और हम संस्कार की छाया में अपने नए जीवन की शुरुआत करते हैं ठीक उसी तरह हमें जीवन देने वाले यह पौधे आगे जाकर छायादार वृक्ष बनते हैं उनसे हमें समय ऑक्सीजन मिलती है. इस दौरान विधायक मोहन शर्मा का व्यापारी संघ द्वारा भी स्वागत किया गया. कार्यक्रम में बने सिंह जागड़े, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, राधेश्याम पचवारिया, ब्रजकिशोर मीणा, पूर्व मंडी अध्यक्ष देवी सिंह देरवाल, कैलाश मंडलोई वकील, कैलाश राज ने भी संबोधित किया. संचालन रवि शर्मा ने किया. आभार व्यापारी सुरेश गोयल ने माना. कार्यक्रम में दिनेश दांगी, लखन राजपूत, रामेश्वर नायक, मोती सिंह राजपूत, मनोज गोयल, दुर्गा प्रसाद मीणा, मधु शर्मा, दुर्गा प्रसाद मीणा, मुकेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, विनोद शर्मा, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, मनफूल सिंह बना, राज बहादुर सिंह, व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल, व्यापारी संजय अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, राकेश माहेश्वरी, योगेश गर्ग, फूल सिंह मीना, आत्माराम पटेल गुड्डु सेन, रोहित शर्मा, नीरज राठौर सहित किसान एवं मंडी के कर्मचारी अनिल गुप्ता अरुण मेवाड़ा बी एस वर्मा उपस्थित थे.

### सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़ 04 जुलाई, का.** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजमहल में अंतर्राष्ट्री य सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में भारतीय विद्या मन्दिर राजमहल में कार्यक्रम आयोजित किया गयाप्त जिसमें विशेष रूप में उपायुक्त सहकारिता पीसी बरोठिया, प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप कुमार चौहान एवं प्राचार्य गजेन्द्र निम्बोदिया द्वारा उद्धबोधन में कहा गया कि स्वेच्छिक सामूहिक कार्य करने को सहकारिता के तहत वर्ष 1904 में सहकारिता प्रारंभ हुआ है.

# विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण के साथ मां के नाम किया पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 04 जुलाई, सं.** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप लेप टॉप वितरण योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें अध्यक्षता प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी एवं अध्यक्ष नप प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी, विष्णु सिंह पंवार, बलराम टांक, लखन तोमर, कुशाल मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधी मुकेश पुष्पद, रमेशचंद्र शर्मा, डॉ बीएल गुर्जर, प्राचार्य द्वय कैलाश चंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ. अतिथियों ने शिक्षा पर जोर देकर छात्रों को शासकीय योजना का लाभ लेने की बात कही. उक्त योजनांतर्गत विकास खंड जीरापुर से शासकीय विद्यालय के 93 एवं अशासकीय विद्यालय के 227 छात्र छात्राओं को राशि सिंगल क्लिक से खाते में जमा की गई. कार्यक्रम उपरांत विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया. कार्यक्रम में स्काउटर गोवर्धन लाल वर्मा, हरीश कुमार गुप्ता, राकेश



भावसार, भेरूलाल शर्मा, गोविंद शर्मा, दिलीप टेलर, शैलेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश कुमार सेन, बालू पवांर, पवित्रा पाटीदार शिक्षक अरविंद बंसल, ओम गुप्ता, ओम प्रकाश सेन, गिरिराज गुप्ता रेडीमेड, प्रभुलाल टेलर, गोपाल कृष्ण वर्मा, लक्ष्मीनारायण दांगी, गिरिराज गुप्ता रावली, सीमा गुप्ता सुरेश कुमार वर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.



आवास कॉलोनी में जाने वाला मुख्य मार्ग जहां छोटे-बड़े गड्ढे दर्जनों की संख्या में है वही जगह-जगह फिसलन मिट्टी की भरमार है इसी आवास कॉलोनी एक गाली ऐसी है जहां विगत 15 वर्षों से कोई विकास नहीं हुआ धरातल पर देखे तो इस गली में नाली का अभाव बना हुआ है वही रोड पर रोड पर अब घास उग रही है इस गली की सबसे विचारणी पहलू यह है कि वर्तमान सरपंच के पूर्व कार्यकाल के समय इस गली की कायाकल्प की गई थी.

# 77 सालों में नहीं बन पाई 8 सौ मीटर की सड़क

**पडाना 04 जुलाई, सं.** आजादी के 77 साल बीत जाने के बावजूद भी कहीं गांव बारिश के इन दिनों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की वादा खिलाफी की सजा की भुगत रहे हैं. कहीं गांव में किसानों के पहुंच मार्ग के लिए पक्की सड़क एवं पुल पुलिया के अभाव पड़े हुए हैं शासन ने गांव विकास व किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है. ऐसी स्थिति सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ाना से कोलू खेड़ा ईदगाह मार्ग दूरी करीबन 800 मीटर के दरमियान आजादी के दशक से अभी भी बदहाल पड़ा हुआ है जहां वर्तमान में खरीफ की फसल उपज करने के लिए किसान जगदीश यादव, ओम गुप्ता, राजेश भंडारी, आत्माराम पुष्पक, श्रीनाथ दास गुप्ता, देवचंद पुष्पक, राधेश्याम पुष्पद, मोहन गुप्ता, राम सिंह, डिलेन प्रसाद सोनी सहित अन्य किसानों ने अपने निजी खर्चे से पड़ाना कोलूखेड़ा बादहाल मार्ग पर 40 से 50 ट्रैक्टर मुरम का खर्च कर आवागमन के लिए बनाया जा रहा है. किसानों का कहना है कि इस मामले में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित शासन प्रशासन के नुमाइंदों को भी अवगत कराने के बावजूद भी आजादी के दशक से अभी तक इस मार्ग की हालत नहीं सुधरी. हालांकि उक्त रोड पर तत्कालीन सरपंच स्वर्गीय कुलदीप सिंह अरोरा ने सन 1990 में किसानों को किसी प्रकार की आसुविधा एवं परेशानी ना हो इसके लिए प्रयास किए थे.

**पेयजल** ▶ ब्यावरा नगर में हो रही गंदे पानी की सप्लाई, राजगढ़ रोड़, भंवरगंज ईलाकों में पूरे समय आया मटमैला पानी

# बारिश में नलों से आ रहा गंदा, मटमैला पानी, फैलाएगा बीमारियां

- बारिश का पानी डेम में पहुंचते ही पेयजल को लेकर बड़ी परेशानी
- मटमैला पानी आने से परेशान हुए नागरिक

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 जुलाई, का. नगर में पेयजल सप्लाई के दौरान काफी मटमैला पानी आ रहा है, कुछ देर नहीं बल्कि सप्लाई के पूरे समय मटमैला पानी आने से काफी परेशानी का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है.**


शुक्रवार को राजगढ़ रोड, भंवरगंज सहित अन्य क्षेत्र में हुई पेयजल सप्लाई के दौरान काफी मटमैला पानी आया. सप्लाई के सारे समय ऐसा ही पानी आने से परेशानी और बढ़ गई. मजबूरन ऐसा ही मटमैला पानी बर्तन, टंकी में भरकर रखना पड़ा.

नगर में कुशलपुरा डेम एवं घोड़ापछाड़ नदी से पेयजल सप्लाई होती है. बारिश का सिलसिला जारी है. बारिश का पानी डेम में पहुंचने से पानी मटमैला हो गया है. अब नगर में पेयजल सप्लाई के दौरान मटमैला पानी ही आ रहा है. ऐसा नहीं कि कुछ मिनिट के लिए ऐसा पानी आ रहा है.

सप्लाई के सारे समय ऐसा ही मटमैला पानी आने पर मजबूरन यही पानी का स्टॉक करना पड़ रहा है.



### फिल्टर के बाद भी मटमैला पानी



पेयजल सप्लाई प्रबंधन के अनुसार डेम पर स्थित फिल्टर प्लांट पर समुचित तरीके से पानी को फिल्टर किया जा रहा है बावजूद इसके बारिश का पानी आने से मटमैलापन है. फिटकरी एवं ब्लीचिंग पाउडर के द्वारा फिल्टर प्लांट पर पानी को साफ किया जाता है इसके बाद ही सप्लाई की जाती है. जिस तरह से पेयजल सप्लाई में मिट्टीयुक्त मटमैला पानी आ रहा है वह स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक है. किंतु सारे सप्लाई के समय ऐसा ही पानी आने पर आखिरकार वहीं मटमैला पानी स्टॉक करना पड़ रहा है क्योंकि नगर में अभी भी पेयजल सप्लाई सात से आठ दिनों के अंतराल से हो रही है.

फिल्टर प्लांट पर बेहतर तरीके से फिटकरी एवं ब्लीचिंग पाउडर से पानी को साफ किया जा रहा है. बारिश के शुरुआत का पानी डेम में पहुंचने से इस तरह का पानी आता है. जल्द ही साफ और स्वच्छ पानी आना शुरु हो जाएगा.

**इकरार अहमद, सीएमओ, नपा ब्यावरा**


## वर्गीकृत विज्ञापन

